हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार 15 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 38.1 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

12 बाबा साहेब ने स्वतंत्रता व समानता की राह पर चलने की दी प्रेरणा : जैन



12 बाबा साहेब महान समाज सुधारक थेः अमर नाथ



## खबर संक्षेप

### खेत से सोलर प्लेट चोरी, मामला दर्ज

**खरखौदा**। गांव झरोठी में खेत में लगे सोलर पंप से प्लेट चोरी और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव झरोठी निवासी विकास दहिया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके भाई के नाम पर खेत में ओसवाल कंपनी का 7.5 एच.पी. क्षमता का सोलर पंप कनेक्शन लगा हुआ है। यह कनेक्शन अनिल के नाम पर है, जो वर्तमान में सेना में सेवारत है। शिकायत कर्ता के अनुसार खेत में सरसों की फसल बोई हुई थी।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक घायल

**गन्नौर**। शाहपुर मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक की टक्कर में एक युवक घायल हो गया। गांव खानपुर कलां निवासी नरेंद्र ने थाना बड़ी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी बाइक से दातौली की तरफ से गन्नौर आ रहा था। जैसे ही वह शाहपुर मोड़ के पास पहुंचा, सामने से तीन युवक एक बाइक पर सवार होकर आए और बिना संकेत दिए अचानक मोड़ की तरफ मुड़ गए। इस दौरान दोनों बाइकों की टक्कर हो गई, जिससे वह गिरकर घायल हो गया।

### मजदूरों की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन 16 को

**सोनीपत**। सीटू ने मानेसर में मजदूर आंदोलन पर हुए पुलिसिया दमन के विरोध में 55 मजदूरों की बिना शर्त रिहाई की मांग उठाते हुए 16 अप्रैल को पूरे प्रदेश में सड़कों पर उतरने का ऐलान किया है। यह जानकारी सीटू जिला सचिव सुनीता, अध्यक्ष अनीता और कोषाध्यक्ष सिल्क राम मलिक ने संयुक्त प्रेस बयान में दी। नेताओं ने कहा कि कारखानों में मजदूरों से बिना ओवरटाइम 12 से 14 घंटे तक काम लिया जा रहा है और साप्ताहिक अवकाश भी नहीं मिल रहा।

### स्कूटी सवार युवकों ने बुजुर्ग का पर्स छीना

**गन्नौर**। नगरपालिका रोड स्थित कन्या स्कूल के पास एक बुजुर्ग से स्कूटी सवार बदमाशों ने पर्स छीन लिया। थाना गन्नौर में दी शिकायत में विश्वकर्मा प्रजापति चौक निवासी फूलचंद ने बताया कि उसका बेटा नगरपालिका रोड पर बिल्डिंग मटेरियल की दुकान चलाता है, जहां वह भी बैठता है। 12 अप्रैल की रात करीब वह दुकान से पैदल घर लौट रहा था। जैसे ही वह कन्या स्कूल के सामने गली में पहुंचा, पीछे से स्कूटी पर आए दो युवकों में से पीछे बैठे युवक ने उसकी जेब पर झपट्टा मारा और उसे धक्का देकर गिरा दिया। बदमाश उसकी जेब फाड़कर उसमें रखा पर्स छीन ले गए, जिसमें जरूरी कागजात व नकदी थी। गिरने से उसे हाथ-पैर में चोटें भी आईं। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चिराग योजना : 61 निजी स्कूलों ने दर्शाई 2180 सीटें, ड्रॉ प्रक्रिया के बाद दाखिले शुरू

# छात्रों को निःशुल्क दाखिले देने को सीटें दर्शाने में गोहाना ब्लॉक अव्वल, राई फिसड्डी

**कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थियों को दिए जाएंगे निजी स्कूलों में दाखिले, 8 लाख से कम होनी चाहिए परिवार की आय**

*• विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने जिला शिक्षा विभाग को योजना के तहत विद्यार्थियों को योजना का लाभ दिलाने के दिए निर्देश, प्रबंधकों को पोर्टल पर विवरण करना होगा अपलोड*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

चिराग योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को निजी स्कूलों में निशुल्क दाखिला देने के लिए सीटे दर्शाने के मामले में इस साल जिले का गोहाना ब्लॉक पहले स्थान पर है। वहीं सोनीपत दूसरे व खरखौदा तीसरे स्थान पर है। वहीं राई ब्लॉक सीटे दर्शाने में सबसे फिसड्डी रहा है। इस वर्ष जिले के 61 निजी स्कूलों ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के दाखिले के लिए कुल 2180 सीटों को दर्शाया है। इन सीटों पर ड्रा प्रक्रिया पूरी होने के बाद दाखिले शुरू कर दिए गए हैं। वहीं मौलिक शिक्षा निदेशालय के निर्देश पर शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रदेश के 1108 निजी स्कूलों ने 47255 सीटों को आरक्षित रखा है।

शिक्षा अधिकारियों के अनुसार योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करना है। चिराग योजना के तहत निजी विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने के लिए विद्यार्थी 15 अप्रैल तक दाखिला ले सकते हैं। ऐसे में आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के पास केवल दो दिन का समय शेष बचा है। हालांकि योजना के तहत सरकारी विद्यालयों के पात्र विद्यार्थी ही योजना के तहत निजी स्कूलों में दाखिला पा सकते हैं। विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को योजना के तहत जल्द दाखिला प्रक्रिया पूर्ण करवाने के लिए निर्देश दिए हैं। योजना के तहत कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थी दाखिला लेकर अपने मनपसंद निजी स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। साथ ही स्कूल प्रबंधकों को पोर्टल पर बच्चों का दाखिला संबंधी विवरण अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं।




### किस ब्लॉक में कितने स्कूलों ने दर्शाई सीटें

| ब्लॉक | स्कूल | सीटें |
|---|---|---|
| गोहाना | 12 | 568 |
| सोनीपत | 20 | 525 |
| गन्नौर | 06 | 99 |
| राई | 03 | 51 |
| खरखौदा | 13 | 426 |
| मुंडलाना | 05 | 250 |
| कथूरा | 02 | 261 |

### रिक्त सीटों पर अन्य विद्यार्थियों को मिलेगा दाखिला

अधिकारियों के अनुसार निजी स्कूलों की ओर से 15 अप्रैल तक दाखिले की प्रक्रिया पूरी कर चयनित विद्यार्थियों का विवरण नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाएगा। यदि मुख्य सूची में चयनित विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक दाखिला नहीं लेते हैं, तो उनकी रिक्त सीटों पर प्रतीक्षारत सूची के अन्य विद्यार्थियों को 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दाखिला दिया जाएगा। इसके बाद सभी दाखिलों का रिकॉर्ड व विद्यार्थियों का विवरण 30 अप्रैल तक विभागीय एमआईएस पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य रहेगा। इन विद्यार्थियों की फीस का भुगतान सरकार की ओर से से किया जाएगा।

### दाखिलों में लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई

चिराग योजना के तहत निजी स्कूलों में आरक्षित सीटों पर विद्यार्थियों की दाखिला प्रक्रिया जारी है। अब तक कितने विद्यार्थियों को दाखिला मिल पाया है, इसका विवरण नहीं मिला है। विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से सख्त हिदायत है कि सभी मान्यता प्राप्त निजी स्कूल संचालक कक्षा अनुसार विद्यार्थियों की दाखिला प्रक्रिया पूर्ण करवाकर अपना सहयोग दें। अगर कोई स्कूल दाखिला प्रक्रिया में लापरवाही बरतते हैं, तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**-नवीन गुलिया,** जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

## डॉग स्क्वाड टीम ने रेलवे स्टेशन पर चलाया विशेष जांच अभियान

- दिल्ली से आई टीम ने आरपीएफ व जीआरपी कमियों के साथ मिलकर सभी प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय, प्रवेश व निकासी द्वार व यात्रियों के सामान की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत**। स्टेशन पर यात्रियों के सामान की जांच करती डॉग स्क्वाड टीम।

रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा करने के लिए मंगलवार को दिल्ली से आई डॉग स्क्वाड टीम ने विशेष जांच अभियान चलाया। यह जांच अभियान अलग-अलग दिन दिल्ली रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में टीम ने स्टेशन परिसर की जांच कर सुरक्षा व्यवस्था को जांचा। साथ ही डॉग स्क्वायड टीम ने रेलवे स्टेशन परिसर व ट्रेनों में यात्रियों के सामान की गहन जांच की। सोनीपत स्टेशन पर जांच अभियान में आरपीएफ व जीआरपी कर्मियों ने भी सहयोग किया। डॉग स्क्वायड टीम के साथ जीआरपी व आरपीएफ कर्मियों ने स्टेशन के प्रत्येक प्लेटफार्म पर यात्रियों के सामान, डस्टबिन की जांच की। साथ ही स्टेशन पर रुकने वाली सभी ट्रेनों में भी सघन जांच अभियान चलाया गया। रेलवे स्टेशन पर अचानक डॉग स्क्वाड टीम का जांच अभियान देख यात्रियों में भय होने की स्थिति बनी रही। यात्री एक-दूसरे से अभियान के बारे में पूछताछ करते रहे। टीम ने जांच अभियान को सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा बताया। सोनीपत आरपीएफ थाना प्रभारी संगम यादव ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर रेलवे स्टेशन पर जांच अभियान चलाकर सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई।

## डंपर की चपेट में आया स्कूटी सवार फैक्टरी संचालक, मौत

**सोनीपत**। कुंडली-सिंघु बॉर्डर के पास सर्विस रोड पर डंपर की चपेट में आने स्कूटी सवार फैक्टरी संचालक की मौत हो गई। वह फैक्टरी कर्मी संग स्कूटी पर सवार होकर दिल्ली जा रहे थे। दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-14 स्थित प्रशांत विहार निवासी रजत अरोड़ा ने प्राथमिकी दर्ज कराई है कि उनके पिता ब्रज भूषण (66) सोमवार सुबह कुंडली स्थित अपनी फैक्टरी में आए थे। शाम को वह फैक्टरी कर्मचारी बलदेव के साथ इलेक्ट्रिक स्कूटी पर सवार होकर दिल्ली लौट रहे थे। बलदेव स्कूटी चले रहे थे और उनके पिता ब्रज भूषण पीछे बैठे थे। जब वह कुंडली-सिंघु फ्लाईओवर के पास सर्विस रोड पर पहुंचे तो पीछे से आ रहे सफेद रंग के डंपर ने लापरवाही से चलाते हुए स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सवार सडक़ पर गिर गए। हादसे के बाद आरोपी चालक डंपर समेत मौके से भाग गया। हादसे में उनके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पिता ब्रज भूषण को तुरंत दिल्ली के नरेला स्थित राजा हरिश्चंद्र अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना अस्पताल से पुलिस को दी गई, जिसके बाद जांच अधिकारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और रजत अरोड़ा के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस का कहना है कि आसपास के सीसीटीवी की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि वाहन और चालक की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जा सके।

### सीएम, विधायक के खिलाफ अभद्र भाषा वाले वीडियो मामले में केस दर्ज, जांच शुरू

**खरखौदा**। सोशल मीडिया पर अभद्र भाषा वाले वीडियो प्रसारित करने के मामले में थाना खरखौदा पुलिस ने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह कार्रवाई शिकायतकर्ता सोनू सैनी की लिखित दरखास्त के आधार पर की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि एक व्यक्ति, जिसकी फेसबुक आईडी रामनिवास पाराशर के नाम से है, करीब 4 मिनट 21 सेकंड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। आरोप है कि उक्त वीडियो में हरियाणा के मुख्यमंत्री, स्थानीय विधायक, प्रशासन व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है। जिससे क्षेत्र की शांति एवं सामाजिक सौहार्द प्रभावित हुआ है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने उच्च अधिकारियों के माध्यम से असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी (एडीए) से कानूनी राय प्राप्त की। जिसके बाद मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रेहड़ी पटरी रजिस्ट्रेशन अभियान अतिक्रमण हटाने की चेतावनी जारी

- 66 रेहड़ी पटरी वालों ने नगर पालिका में अपना रजिस्ट्रेशन करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान की कड़ी में रेहड़ी पटरी वालों का रजिस्ट्रेशन करवाया गया। जिसमें पहले दिन 66 रेहड़ी पटरी वालों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। मंगलवार को अवकाश का दिन होने के बावजूद नगरपालिका सचिव ने आदेश देकर नगरपालिका के 2 कर्मचारियों की ड्यूटी इसके लिए लगाई थी, ताकि लोगों को परेशानी का सामना ना करना पड़े। इससे पहले मुख्य बाजार के दुकानदार एकत्रित होकर नगरपालिका चेयरमैन व एसडीएम से मिले थे। उन्होंने मुख्य बाजार में 5 फुट तक छज्जे या शेड लगाने की इजाजत मांगी थी। जिसपर एसडीएम ने मुख्य बाजार का दौरा करके निर्णय लेने की बात कही थी। लेकिन नपा सचिव ने साफ़ कर दिया कि मुख्य बाजार में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी। पार्षद नवीन दहिया ने बताया कि अभी मंगलवार और वीरवार के दिन सभी रेहड़ी वालों को



**खरखौदा**। नगर पालिका में अपना रजिस्ट्रेशन कराते रेहड़ी वाले

जगह के लिए रजिस्ट्रेशन कराने का समय दिया जा रहा है। समय पूरा होने के बाद किसी का रजिस्ट्रेशन नहीं किया जाएगा। इसीलिए उन्होंने सभी रेहड़ी पटरी वालों से अपील की कि वे आगामी वीरवार को नगरपालिका के कमरा न. 7 में पहुंच कर अपना रजिस्ट्रेशन कराए, ताकि उनकी संख्या के अनुसार जगह चिन्हित करने का कार्य किया जा सके। साथ ही 25 अप्रैल तक अपना छज्जा या शेड 5 फुट की सीमा में सीमित कर ले। नाले पर अपना सभी प्रकार का अतिक्रमण स्वयं हटा ले अन्यथा सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### होटल में घुसकर मारपीट और मोबाइल छीनने का आरोपित काबू, एक दिन के रिमांड पर

**सोनीपत**। सोनीपत जिले के थाना मुरथल पुलिस ने लकड़ी के बिट्टों से मारपीट कर मोबाइल फोन छीनने की घटना में संलिप्त एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान पंकज निवासी सेक्टर-23, सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 12 अप्रैल 2026 को सुरज पुत्र वेदप्रकाश निवासी गांव जटवाड़ा ने थाना मुरथल में शिकायत दी थी कि वह जीटी रोड मुरथल पर सन स्टार नाम से होटल चलाता है। शिकायत में बताया गया कि पुरानी रंजिश के चलते पंकज अपने 6-7 साथियों के साथ दो गाड़ियों में मुंह पर कपड़ा बांधकर होटल पर पहुंचा। आरोपितों ने गेट तोड़कर अंदर घुसते ही होटल कर्मचारी दाउद के सिर पर लकड़ी के बिट्टों से वार कर घायल कर दिया और एक महिला कर्मचारी का मोबाइल फोन छीन लिया। जांच अधिकारी उप निरीक्षक बृजपाल की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित पंकज को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## पटवारियों के कार्य में निजी सहायकों की दखल, पारदर्शिता पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

सरकारी राजस्व कार्यों में अनधिकृत दखल का मामला सामने आया है, जहां क्षेत्र के कई पटवारी अपने कार्यालयों में निजी सहायकों से काम करवा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि जमीन से जुड़ा महत्वपूर्ण रिकार्ड भी इन सहायकों की पहुंच में है, जिससे पूरी व्यवस्था की पारदर्शिता और सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। सरकारी कार्यों में निजी व्यक्तियों की बढ़ती दखल से व्यवस्था की पारदर्शिता प्रभावित हो रही है। पटवारी अपने स्तर पर पैसे देकर इन सहायकों को रखते हैं और उनसे सरकारी कार्य करवाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि काम के लिए आने वाले लोगों से कुछ निजी सहायक रुपये भी मांग लेते हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना



**गन्नौर**। पुराने तहसील भवन में पटवारी के कार्यालय में रिकार्ड निकालता निजी व्यक्ति।

पड़ता है। वहीं, सही जानकारी और समय पर काम होने को लेकर भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस व्यवस्था की जांच कर आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि सरकारी कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे और आम लोगों को राहत मिल सके। इस संबंध में एसडीएम प्रवेश कादियान ने कहा कि उन्होंने पहले भी पटवारियों को इस संबंध में सख्त हिदायत दी थी। यदि अब फिर से निजी लोगों से काम करवाया जा रहा है तो वह खुद पटवारियों के कार्यालयों का औचक निरीक्षण करेंगे और कार्यालयों में निजी लोगों का हस्तक्षेप होता मिला तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई करेंगे।

## दो लोगों से ठगे आठ लाख रुपये, केस दर्ज

- टेलीग्राम ग्रुप और फर्जी वेबसाइट के जरिये दिया वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

साइबर ठगों ने टेलीग्राम ग्रुप और फर्जी वेबसाइट के जरिए दो लोगों से ठगी कर ली। ठगों ने ऑनलाइन सर्वे और ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा दिलाने का लालच देकर दोनों पीड़ितों से आठ लाख रुपये ऐंठ लिये। साइबर थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में आदर्श नगर निवासी मीनू ने प्राथमिकी दर्ज कराई है कि 1 अक्तूबर, 2025 को टेलीग्राम पर मैसेज मिला था। इसमें ऑनलाइन सर्वे के जरिए रोजाना पैसे कमाने का झांसा दिया गया। ठगों ने अलग-अलग यूजर आईडी से संपर्क कर उन्हें भरोसे में लिया और समय-समय पर विभिन्न यूपीआई आईडी व बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करवाते रहे। मीनू ने अपने पिता के खाते से पैसे अपने खाते में ट्रांसफर कर करीब 5.77 लाख रुपये साइबर ठगों को भेज दिए। ठगों ने 17 बार में राशि अलग-अलग खातों में डलवाई। बाद में जब ठगों का संपर्क टूट गया तो उसे धोखाधड़ी का पता लगा। जिस पर साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। दूसरे मामले में गांव खटकड़ निवासी राजीव ने प्राथमिकी दर्ज कराई है कि उनके व्हाट्सएप पर मैसेज के जरिए उन्हें टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा गया। शुरुआत में छोटे निवेश पर मुनाफा देकर उनका विश्वास जीता गया। इसके बाद ठगों ने बड़ी रकम निवेश करने के लिए प्रेरित किया और खाते में रकम फ्रीज होने का झांसा देकर लगातार पैसे डलवाते रहे। राजीव से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से करीब 2.22 लाख रुपये ठग लिए गए।

## सोनीपत की अनाज मंडी में करीब 2 लाख क्विंटल गेहूं खुले में पड़ा

# मंडियों में आवक तेज, खरीद प्रक्रिया की धीमी रफ्तार से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले की अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों पर गेहूं की खरीद प्रक्रिया ज्यादा धीमी होने से किसान परेशान होने लगे हैं। रोहतक रोड स्थित नई अनाज मंडी में गेहूं की सरकारी खरीद केवल दिखावा मात्र रह गई है। ऐसे में मंडियों व खरीद केंद्रों पर गेहूं के ढेर सड़कों तक लगने लगे हैं। इसके अलावा आढ़तियों के पास बारदाने की भी बड़ी समस्या है। बारदाना न मिलने के कारण न तो समय पर गेहूं की सरकारी खरीद हो रही और न ही उठान हो रहा। सोनीपत की नई अनाज मंडी में करीब 2 लाख क्विंटल गेहूं खुले में पड़ा। खुले में पड़ा गेहूं प्रशासन के प्रबंधों के दावों की पोल खोलना नजर आ रहा है। सोनीपत में 2



**सोनीपत**। अनाज मंडी में सड़क पर लगी गेहूं की ढेरियां।

अप्रैल से गेहूं की आवक व खरीद शुरू हो गई थी। सरकार की ओर से अधिकारियों को पहले ही 72 घंटे में उठान के आदेश दिए गए हैं, लेकिन उसके बावजूद उठान कम होने से समस्याएं बढ़ रही हैं। आढ़तियों बोले, खरीद एजेंसियों की ओर से समय पर बारदाने सरकार की ओर से समय पर इसके चलते मंडी बोरों से फुल हो चुकी है। किसान अपने गेहूं को मंडी से बाहर डाल रहे हैं। गेहूं की आवक मंडियों में बढ़ रही है।

### प्रशासन से बारदाना की कमी दूर करने की मांग

आढ़तियों, किसानों ने शासन, प्रशासन से मांग की कि बारदाना की जो कमी है उसको दूर किया जाए। आढ़तियों ने कहा कि गेहूं की खरीद के बाद बारदाना की किल्लत सामने आ रही है। बारदाना न होने के चलते खुले में गेहूं के ढेर लग रहे हैं। इस बार सीजन की शुरुआत से ही बारदाना की कमी चल रही है।

### तकनीक सहूलियत के लिए होती है तकलीफ के लिए नहीं : दीपेन्द्र



**गोहाना**। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने गोहाना अनाज मंडी का दौरा कर किसानों और आढ़तियों से मुलाकात की और उनकी परेशानियों को सुना। हुड्डा ने मंडी में गेहूं उठान और सर्वर डाउन पर सवाल उठाए। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि पहली बार ऐसा हुआ कि किसानों को एक तरह से दोषी बना दिया गया है और मंडियों में उससे सबूत मांगे जा रहे हैं। ट्रैक्टर पर बड़ी नंबर प्लेट, बायोमेट्रिक, गेट पास और तीन गारंटर जैसी शर्तें लगाई जा रही हैं ताकि वह परेशान होकर मंडी के बाहर ही फसल बेचकर चला जाए। सरकार किसान से फसल खरीद में बाधक नहीं सहायक बने। तकनीक सहूलियत के लिए होती है तकलीफ के लिए नहीं। उन्होंने सरकार से गेहूं खरीद के ये नए नियम वापस लेने की मांग की। दीपेन्द्र हुड्डा बोले कि बीजेपी की पोर्टल सरकार का ई-खरीद पोर्टल ही बंद है और सर्वर डाउन है जिससे पूरी प्रक्रिया बाधित हो रही है।

### गेहूं खरीद व्यवस्थाओं का एसडीएम ने लिया जायजा



**गोहाना**। एसडीएम अंकित कुमार ने गेहूं खरीद को लेकर मार्केट कमेटी कार्यालय एवं अनाज मंडी गोहाना का दौरा किया। एसडीएम ने मंडी में गेहूं खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अंकित कुमार ने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न खरीद एजेंसियों के माध्यम से किसानों की फसल खरीदने के लिए कटिबद्ध है। मंडी में किसी भी प्रकार की कमी को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम ने मंडी गेट पर लगे कैमरे, तोलाई मशीन की कार्यप्रणाली, किसान सहायता केंद्र, अनाज मंडी में आने वाले किसानों व मजदूरों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं को जांचा अधिकारियों को गेहूं खरीद, उठान एवं बारदाना की समुचित व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देश दिए।



# परदे पर खुलेगी इतिहास में दर्ज सवालों की परत..

**मुंबई।** फिल्म धुरंधर 2 के बाद संजय दत्त अपनी आगामी फिल्म आखिरी सवाल को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का मंगलवार को टीजर रिलीज हुआ है। संजय दत्त अभिनीत फिल्म 'आखिरी सवाल' का पहला टीजर 02 अप्रैल को रिलीज हुआ था। इसने फिल्म के प्रति उत्सुकता जगाई। मंगलवार को फिल्म का दूसरा टीजर सामने आया है। इसमें इतिहास की कुछ ऐसी घटनाओं का जिक्र देखने को मिलेगा, जिन पर ज्यादा बात नहीं होती है। मेकर्स का दावा है कि फिल्म के जरिए वे सवाल भी सामने आएंगे, जिन्हें अभी तक कोई नहीं पूछता है।फिल्म के टीजर की शुरुआत में लिखा आता है, 'सवाल, जिसे पूछने की हिम्मत अब तक किसी ने नहीं की'।

लाइफ Style



# हुमा
## सिंगर एड शीरन को सिखाई थी हिंदी

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' की रिलीज की तैयारी में जुटी हैं। उन्होंने अनुराग कश्यप की फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हाल ही में हुमा ने बताया कि कैसे एड शीरन ने यह फिल्म देखी थी और इसकी तारीफ की थी।

एक बातचीत में हुमा ने फराह खान की पार्टी में एड शीरन से हुई मुलाकात को याद करते हुए कहा, 'यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। जब मैं एड शीरन से मिली तो पता चला कि उन्होंने 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' देखी है। यह जानकर मैं हैरान रह गई थी। जब एड शीरन मुंबई में थे, तब फराह खान ने उनके लिए एक पार्टी रखी थी, जहां सभी उनसे मिले थे। मैं उनसे बातचीत करने की कोशिश कर रही थी।

उन्होंने कहा, 'मुझे आपका देश बहुत पसंद है और मैं यहां म्यूजिक पर काम करना चाहूंगा।' उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने एड शीरन को कुछ हिंदी शब्द सिखाने की कोशिश की। उन्होंने कहा, 'अगर आप और भी दिलचस्प भाषा सीखना चाहते हैं, तो आपको हमारी फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' जरूर देखनी चाहिए।' वह रुक गए और पूछा, 'क्या आप उस फिल्म में थीं?' मैंने कहा, 'हां।' उन्होंने कहा, 'मैंने अभी-अभी वह फिल्म देखी है। मुझे यह बहुत पसंद आई। यह सच में एक जबरदस्त फिल्म है।' मुझे लगा कि यह मेरे लिए एक बहुत ही शानदार पल था।' अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' दो हिस्सों में बनी है।

हॉलीवुड मसाला



# सामने आया जुमांजी के तीसरे पार्ट का टाइटल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की पॉपुलर एक्शन-एडवेंचर फ्रेंचाइजी 'जुमांजी'के तीसरे पार्ट का ऑफिशियल टाइटल सामने आ गया है। जुमांजी के तीसरे पार्ट की घोषणा लॉस एंजेलिस में नहीं, बल्कि लास वेगास में हुए सोनी के सिनेमकॉन इवेंट के दौरान की गई, जहां फिल्म की पहली झलक और ट्रेलर भी दिखाया गया। इस खास मौके पर केविन हार्ट, ड्वेन जॉनसन और जैक ब्लैक खुद मौजूद थे। केविन हार्ट, ड्वेन जॉनसन और जैक ब्लैक स्टारर इस फिल्म का नाम 'जुमांजीः ओपन वर्ल्ड' होगा। फिल्म 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें कैरन गिलन भी अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी।



# टीवी पर्सनालिटी को हुआ प्यार; इश्क का किया इजहार

**लॉस एंजिल्स।** 'द रियल हाउसवाइव्स ऑफ बेवर्ली हिल्स' फेमस टीवी पर्सनालिटी टेडी मेलनकैंप की जिंदगी में प्यार की बहार आ गई। जबकि इन दिनों वह कैंसर की बीमारी से भी जंग लड़ रही हैं। हाल ही में अपनी डेटिंग लाइफ को लेकर टेडी मेलनकैंप ने खुलकर बात की। कोई प्यार करने वाला साथ हो तो जिंदगी की मुश्किल डगर भी आसानी से पार हो जाती है। यह बात 'द रियल हाउसवाइव्स ऑफ बेवर्ली हिल्स' फेमस टीवी पर्सनालिटी टेडी मेलनकैंप पर सटीक बैठती हैं। इन दिनों वह कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से जूझ रही है, इलाज के दौरान ही उनकी जिंदगी में प्यार की दस्तक भी हुई है। अपनी डेटिंग लाइफ और नए पार्टनर को लेकर टेडी मेलनकैंप से हाल ही में फैंस को बताया है।



# फिर मोहित के साथ काम करेंगे अहान

**मुंबई।** पिछले साल आई रोमांटिक फिल्म सैयारा से अहान पांडे रातोंरात युवाओं के बीच की सेंसेशन बन गए। इस सफल फिल्म का निर्देशन मोहित सूरी ने किया था। अब अहान पांडे एक बार फिर मोहित सूरी के साथ एक नई रोमांटिक फिल्म पर काम करने के लिए तैयार हैं। ऐसा होता है तो 'सैयारा' के बाद एक बार फिर मोहित सूरी और अहान पांडे की जोड़ी बड़े पर्दे पर छाने के लिए तैयार है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अहान पांडे मोहित सूरी की यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली अगली रोमांटिक ड्रामा फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे। रिपोर्ट में बताया गया है, 'मोहित ने अपनी नई फिल्म की कहानी लिख ली थी, जो एक अधेड़ उम्र के लड़के और एक अधेड़ उम्र की लड़की पर आधारित रोमांटिक कॉमेडी है।



# कुछ नया देखना चाहते हैं दर्शक : नमित

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर के प्रमुख भूमिका वाली रामायण फिल्म रिलीज से पहले ही चर्चाओं में हैं। अब नमित मल्होत्रा ने रामायण की तुलना ड्यून पार्ट 3 और द ओडिसी जैसी फिल्मों से की है। 'ड्यूनः पार्ट थ्री' और 'द ओडिसी' जैसी भव्य फिल्मों का जिक्र करते हुए नमित मल्होत्रा ने कहा कि इन फिल्मों को देखते हुए सिनेमाघरों में दर्शक कुछ नया और अलग देखना चाहते हैं। उनकी सोच अब अलग-अलग तरह की कहानियों को देखने के लिए काफी खुली है। मुझे लगता है कि हम सब एक ही तरह की फिल्में काफी देख चुके हैं। लेकिन, अब सवाल यह है कि हम क्या नया ला सकते हैं? लॉस एंजिल्स में सिनेमाकॉन 2026 में बोलते हुए नमित मल्होत्रा ने फिल्म पर बात की। उन्होंने कहा कि वैश्विक दर्शक कहानियों में नयापन और रोमांच ढूंढ रहे हैं।

टीवी मसाला



# स्टार्स सपोर्टिंग कास्ट को देखते तक नहीं, केवल अमिताभ भले

**नई दिल्ली।** एक्टर राजेश कुमार ने कई टीवी शोज, वेब सीरीज और फिल्मों में काम किया है। वो हर मुद्दे पर खुलकर अपना पक्षा रखते हैं। हाल ही में राजेश ने कहा कि फिल्मों के बड़े स्टार्स अक्सर सपोर्टिंग एक्टर्स को लेकर भेदभाव करते हैं। राजेश कुमार को पहली बार 'साराभाई वर्सेज साराभाई' से प्रसिद्धि मिली, लेकिन उस शो के बाद से दो दशकों में, वह 'बा बहू और बेबी', 'नीली छतरी वाले' जैसे शो में दिखाई दिए। 'कोटा फैक्ट्री', 'ये मेरी फैमिली' जैसी वेब सीरीज और 'सैयारा', 'निशांची', 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' जैसी कई फिल्में भी उन्होंने की हैं। एक हालिया बातचीत में राजेश कुमार ने कहा कि अगर आप किसी बड़ी फिल्म के सेट पर जाते हैं, तो किसी सीन पर होने वाली बातचीत सिर्फ 4-5 लोगों तक ही सीमित रहती है। अगर आप किसी बड़े सेट पर जाते हैं, तो सिर्फ 4-5 लोग ही हर बात पर चर्चा कर रहे होते हैं। निर्देशक, कैमरामैन, लीड एक्टर और राइटर। बाकी लोगों के अनुभव, उनकी कोई अहमियत नहीं होती। राजेश ने बताया कि उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ कभी काम नहीं किया, लेकिन उन्होंने सुना है कि दिग्गज एक्टर सहायक कलाकारों के साथ अपने सीन की तैयारी करना पसंद करते हैं, जबकि बाकी स्टार्स के साथ ऐसा नहीं होता। हाल ही में मैंने किसी भी लीड एक्टर को हमारे साथ प्रैक्टिस करते नहीं देखा।

## अनीता ने शेयर किया मजेदार वीडियो


**नई दिल्ली।** अनीता हसनंदानी ने मंगलवार को अपना 45वां जन्मदिन बहुत खुशी और मस्ती के साथ मनाया। अपने जन्मदिन पर अनीता ने अपना एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसके साथ ही एक भावुक नोट भी लिखा है। '45 साल की हो गई हूं और अभी भी भाग रही हूं। कैलोरी से और कभी-कभी अपने ही केक से। लेकिन सच कहूं तो, अगर यह केक मेरा पीछा कर रहा है तो शायद इसलिए क्योंकि जीवन इतना मीठा रहा है। मैं हर हंसी, हर सीख और हर पल के लिए बहुत आभारी हूं। अब थोड़ी ज्यादा समझदार, थोड़ी ज्यादा बिंदास और बहुत ज्यादा संतुष्ट हूं।' अनीता को उनके फैंस ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। एक फैन ने लिखा, 'सबसे खूबसूरत आत्मा को बहुत-बहुत मुबारकबाद।' दूसरे ने लिखा, '45 साल की उम्र कभी इतनी मजेदार नहीं लगी।' इसके अलावा कई फैंस ने उनके वीडियो की तारीफ करते हुए लिखा कि वे बहुत प्यारी और ऊर्जा से भरी हुई हैं। अनीता अभी भी टेलीविजन, रियलिटी शो और ब्रांड कामों में सक्रिय हैं। हाल ही में वे 'छोड़ियां चली गांव'रियलिटी शो में नजर आई थीं।



# इस बार वायुसेना पर बनेगी बॉर्डर 3 सनी को लेकर बड़ी प्लानिंग ...

**मुंबई।** सनी देओल और वरुण धवन स्टारर फिल्म 'बॉर्डर 2' ने 450 करोड़ वर्ल्डवाइड की सफल कमाई की और इसी के साथ जेपी फिल्म्स ने अगली फिल्म की तैयारी शुरू कर दी है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर करीब 329 करोड़ रुपए पार कमाई करने वाली इस फिल्म को लेकर 1997 में रिलीज पहली 'बॉर्डर' वाला क्रेज दिखा।

'बॉर्डर 3' तक लोगों में रियल-लाइफ हीरोइज्म वाले क्रेज को बरकरार देख प्रोड्यूसर निधि दत्ता ने एक अगली फिल्म को लेकर एक बड़ा प्लान तैयार कर लिया है। इस फिल्म की कहानी में लीड रोल में सनी देओल ही रहेंगे, जिसपर काम शुरू होने की चर्चा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सनी देओल की 'बॉर्डर 3' साल 2027 के सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक साबित होगी। गदर और बॉर्डर फ्रेंचाइजी फिल्मों की तुलना में इस फिल्म में सनी की देशभक्ति वाली इमेज को और बड़ा करने की प्लानिंग की जा रही है। वहीं, जेपी फिल्म्स अब भारतीय वायुसेना पर भी एक



नई फिल्म भी शुरू करने जा रहा है। खबर है कि जेपी फिल्म्स अब अपने पारंपरिक वॉर जोन से बाहर निकल कर एक बड़े बजट की फैंटेसी एडवेंचर फ्रेंचाइजी पर भी काम कर रहा है। कहा जा रहा है कि ये फिल्म बड़े स्तर की होगी। जहां एक तरफ 'बॉर्डर 3' में सनी देओल को लेकर बड़ी प्लानिंग कर ली गई है, वहीं जल्द ही वो नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायणम्' में अपने 'हनुमान'वाले किरदार से अपनी बिल्कुल अलग छवि बनाने की तैयारी में भी जुटे हैं। यकीनन ये फिल्म उनके कॅरियर का एक नया और दिलचस्प अध्याय होगा। भगवान हनुमान के किरदार में सनी देओल फिल्म के दोनों पार्ट्स में नजर आएंगे। यह प्रोजेक्ट इस स्टूडियो के लिए एक बड़ा बदलाव के तौर पर आ रहा है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म की कहानी और राइटिंग के काम में निधि खुद शामिल हैं, जिसकी शूटिंग देश की अलग-अलग हिस्सों में होनी है। इसी के साथ खबर है कि इस प्रोजेक्ट में भी सनी एक खास कैमियो रोल में नजर आ सकते हैं। वहीं ,निधि दत्ता की बात करें तो उन्होंने 'पलटन' और 'घुड़चढ़ी' जैसी फिल्मों के जरिए अपनी पहचान बनाई। अब उनके कंधों पर 'बॉर्डर' जैसी विरासत को आगे ले जाने का मौका है। कहा जा रहा है कि जेपी फिल्म्स की ओर से 'बॉर्डर 3' की आधिकारिक कास्टिंग अनाउंस अगले कुछ महीनों में होगी।

# 'है जवानी तो इश्क होना है' का फर्स्ट लुक रिलीज, दो हसीनाओं के बीच फंसे वरुण

**मुंबई।** वरुण धवन की आगामी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। इसमें एआई का इस्तेमाल देखने को मिला है। वरुण धवन दो-दो हसीनाओं के बीच फंसे दिख रहे हैं। बीते दिनों फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की नई रिलीज डेट का ऐलान किया गया था। पहले जून में रिलीज होने वाली यह फिल्म अब मई के महीने में दस्तक देगी। मंगलवार को फिल्म का फर्स्ट लुक वीडियो सामने आया है। एआई किड्स पिता की जन्मतिथि 24 अप्रैल बताते हैं। बता दें कि वरुण धवन का जन्मदिन इसी दिन होता है। वीडियो में आगे वरुण धवन की एंट्री होती है। उनके किरदार का नाम जैस है। वे हाथों में जयमाला थामे झांकते दिख रहे हैं। आगे मृणाल ठाकुर की झलक देखने को मिली है, जिनके किरदार का नाम बानी है। इसके बाद पूजा हेगड़े की एंट्री होती है और उनके किरदार का नाम प्रीत है। वरुण धवन को बानी और प्रीत दोनों के साथ इश्क फरमाते दिखाया गया



है।यह फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। 'है जवानी तो इश्क होना है' का निर्देशन वरुण धवन के पिता व दिग्गज निर्देशक डेविड धवन ने किया है। 'मैं तेरा हीरो' और 'जुड़वा 2' के बाद वरुण और डेविड की पिता-पुत्र की जोड़ी की ये तीसरी फिल्म है।

## पूरे वीक भरपूर रहेगा मनोरंजन का खेल


# थिएटर्स से ओटीटी तक रिलीज होंगी ये नई मूवीज-सीरीज

*नई दिल्ली। अप्रैल के तीसरे सप्ताह की शुरुआत से हो गई है। हर वीक की तरह इस बार भी मनोरंजन जगत की लेटेस्ट रिलीज पर सिनेप्रेमियों की नजरें बनी हुई हैं, जिनके जरिए उनका ये हफ्ता भी एंटरटेनमेंट से भरपूर रहेगा।*

**टोस्टर :** अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा की जोड़ी हिट- द फर्स्ट केस के बाद एक बार फिर से सिनेमा जगत में वापसी करने जा रही है। इस बार ये दोनों फिल्म टोस्टर में नजर आने वाले हैं, जिसका ट्रेलर फैंस को काफी पसंद आया है। क्राइम कॉमेडी के तौर पर टोस्टर की रिलीज का हर कोई इंतजार कर रहा है। बता दें कि 15 अप्रैल को ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर ऑनलाइन स्ट्रीम की जाएगी।

**भूत बंगला :** सुपरस्टार अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड मूवी भूत बंगला भी इस सप्ताह में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। निर्देशक प्रियदर्शन की हॉरर कॉमेडी फिल्म 16 अप्रैल को बड़े पर्दे पर रिलीज की जाएगी। इस फिल्म में अक्षय के अलावा अभिनेता परेश रावल, वामिका गब्बी, राजपाल यादव और तब्बू जैसे कलाकार नजर आएंगे।

**मटका किंग :** लंबे समय से एक्टर विजय वर्मा की वेब सीरीज मटका किंग की चर्चा चल रही है। हाल ही में इस सीरीज का लेटेस्ट ट्रेलर रिलीज किया गया है और इसके साथ ही इसकी रिलीज डेट भी क्लियर हुई है। जिसके आधार पर 17 अप्रैल को मटका किंग ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।






**द ममी :** हॉलीवुड की बहुचर्चित फिल्म फ्रेंचाइजी द मम्मी अब नए अवतार में वापसी करने के लिए तैयार है। निर्देशक ली क्रोनिन के निर्देशन में बनने वाली द मम्मी को इस वीक 17 अप्रैल यानी शुक्रवार को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना है।

**अस्सी :** हिंदी सिनेमा के मशहूर निर्देशक अनुभव सिन्हा और एक्ट्रेस तापसी पन्नू की कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म अस्सी सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म अस्सी को 17 अप्रैल के दिन ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर ऑनलाइन स्ट्रीम किया जाएगा।

**दो दीवाने शहर में**
एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर और एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी की रोमांटिक पिल्म दो दीवाने शहर में भी इस वीक की अपकमिंग रिलीज की लिस्ट में शुमार है। 17 अप्रैल से ये मूवी भी ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देखने को मिल जाएगी।

**यूफोरिया 3 :**
हॉलीवुड की लेडी सुपरस्टार जैंडाया स्टारर पॉपुलर वेब सीरीज यूफोरिया अपने नए सीजन के साथ वापसी करने जा रही है। 19 अप्रैल से यूफोरिया का सीजन 3 ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर ऑनलाइन स्ट्रीम कर दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### अंकित कुमार ने संभाला एसडीएम का पदभार

**गोहाना।** 2023 बैच के एचसीएस अधिकारी अंकित कुमार ने सोमवार को गोहाना उपमंडल के एसडीएम का पदभार संभाल लिया। वह इससे पूर्व रोजक के नगराधीश के पद पर कार्यरत थे। एसडीएम ने कहा कि प्राथमिकता योजनाओं को निर्धारित समय सीमा में प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना रहेगा। प्रशासन की जिम्मेदारी केवल योजनाओं के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि उनका सही और पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है।

### जनता विद्या भवन बुटाना संस्था ने खरीदी दो बसें

**गोहाना।** जनता विद्या भवन, बुटाना संस्था द्वारा संचालित जनता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के लिए मैनेजमेंट द्वारा दो नई बसें खरीदी गई हैं। संस्था के अध्यक्ष अजीत सिंह सांगवान, सचिव रामनिवास सांगवान और खजांची राजेंद्र कुंडू ने नारियल फोड़ कर बसों का लोकार्पण किया। अध्यक्ष अजीत सिंह सांगवान ने बताया कि बच्चों की संख्या बढने के कारण दो नई बसें खरीदी गई हैं। संस्था में नईं मैनेजमेंट बनने के बाद खेलों को बढ़ावा दिया गया एवं शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया।

### शार्ट सर्किट से गेहूं की फसल जली

**गन्नौर।** गांव गुमड़ में बिजली निगम की कथित लापरवाही के चलते शार्ट सर्किट से लगी आग में किसानों की कई एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना मिलने पर दमकल गाड़ी व पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकारी जिलाध्यक्ष विरेंद्र पहल ने घटना के लिए बिजली निगम को जिम्मेदार ठहराते प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में उपायुक्त से मिलकर नुकसान की भरपाई कराने की मांग रखी जाएगी।

### नहर में डूबा 15 वर्षीय किशोर, तलाश जारी

**खरखौदा।** गांव खांडा के पास रिलायंस एनसीआर चैनल में नहाते समय 15 वर्षीय किशोर के डूबने की घटना घट गई। सूचना मिलते ही प्रशासन व ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और किशोर की तलाश के लिए गोताखोरों को बुलाया गया। जानकारी के अनुसार सिराज (15) निवासी छितारा जिला कासगंज, उत्तर प्रदेश अपने साथियों दुरबेस व सुदेश के साथ गांव खांडा स्थित एक भट्ठे पर मजदूरी का काम करता था। बताया कि तीनों युवक काम खत्म के बाद नहर किनारे अमरूद खाने के लिए जा पहुंचे। इस बीच गर्मी के चलते सिराज नहर में नहाने के लिए उतर गया। पानी गहरा होने के कारण डूब गया।

### योग सकारात्मक जीवन जीने की कला : मोहित

**खरखौदा।** 12 वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग आयोग आयुष विभाग के तत्वाधान में खरखौदा ब्लॉक में वृद्धों के लिए योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शहर की सैनी चौपाल में 13 अप्रैल से शुरू हुआ योग शिविर18 अप्रैल तक जारी रहेगा। इस अवसर पर आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ कीर्ति, योग सहायक मोहित, अजय, नीलम, सुमन आदि मौजूद रहे। योग शिक्षक मोहित ने बताया कि योग केवल व्यायाम नहीं है बल्कि संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने की कला है।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संकल्प दिलवाया

**सोनीपत।** एसएस जैन सभा गुड़ मंडी में गुरु सेवक परिवार महिला मंडल की तरफ से एक घंटे का नवकार महामंत्र के जाप का आयोजन किया। गुरु सेवक परिवार की प्रधान शशि जैन, महामंत्री उषा जैन ने सभी बहनों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संकल्प करवाया भ्रूण हत्या न करने और अनुमोदना न करने का नियम करवाया। बताया कि आंगम ज्ञाता गुरुदेव अरूण मुनि महाराज के सानिध्य में 19 को वर्षीतप का पारणा महोत्सव पंजाब भंटिडा में आयोजित किया जा रहा।

## चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया पर्व

# बैसाखी साहस, खुशी और धार्मिक आस्था का प्रतीक

**विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोहा सबका मन**



गन्नौर। प्रतिभागी छात्र स्कूल के शिक्षकों के साथ। *फोटो : हरिभूमि*



गोहाना। पारंपरिक रूप से बैसाखी पर्व मनाते हुए गुरु और शिष्य। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

शेखपुरा स्थित चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में बैसाखी पर्व व डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती उत्साह और धूमधाम के साथ मनाई गई। विद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, विद्यार्थियों को बैसाखी पर्व के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। निदेशक अजय यादव ने बताया कि पर्व किसानों के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इस दिन उनकी फसल पककर तैयार हो जाती है और कटाई का कार्य शुरू होता है। साथ ही यह पर्व साहस, खुशी और धार्मिक आस्था का प्रतीक है। इसके साथ ही डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर विद्यार्थियों को उनके जीवन और विचारों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का संचालन अंशिका और उर्मी ने किया।

### पंजाबी भंगड़ा की प्रस्तुति पर झूमे विद्यार्थी



**गोहाना।** गीता विद्या मंदिर, गोहाना में बैसाखी पर्व उत्साहपूर्वक मनाए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य अश्विनी कुमार ने किया। समारोह में विद्यार्थी पंजाबी भंगड़ा की प्रस्तुति पर जमकर झूमे। मंच संचालन कक्षा दसवीं के छात्र रियान ने किया। छात्र हन्नी, केशव, तान्या व अंशिका ने बैसाखी पर्व के महत्व एवं परंपराओं पर प्रकाश डाला। केविन व यंशु ने महान विभूति डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, संघर्ष एवं उनके अमूल्य योगदान के विषय में प्रेरणादायक जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में छात्र विकास, एकता व तनाया द्वारा प्रस्तुत भंगड़े ने दर्शकों को झूमने पर मजबूतर कर दिया।

### पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया पर्व

**गोहाना।** गांव मदीना स्थित डीबीएम स्पेशल स्कूल में मंगलवार को बैसाखी पर्व उत्साह एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। समारोह में विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट, पोस्टर एवं हस्तनिर्मित चित्रों से आकर्षक रूप दिया गया और दिव्यांग ने बैसाखी के गीतों पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों के मन के खूब लुभाया। समारोह का मार्गदर्शन संस्थान के एमडी विकास मलिक ने किया। उन्होंने बैसाखी पर्व के ऐतिहासिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मलिक ने कहा कि यह पर्व फसल कटाई की खुशी का प्रतीक है और हमें परिश्रम, एकता एवं कृतज्ञता के साथ आगे बढने के लिए प्रेरित करता है। समारोह में विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बैसाखी पर्व से संबंधी आकर्षक चित्र बनाकर उनमें रंग भरे और भारती संस्कृति को मजबूत बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. सोनिया मलिक, पूनम, सोनू और परमजीत सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## नारी सशक्तिकरण को समर्पित होगी पदयात्रा : सुमित्रा चौहान



गोहाना। पत्रकारों से बातचीत करती सुमित्रा चौहान व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

- महिला विधेयक लाने की खुशी में पद यात्रा निकालेंगी महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

प्रदेश समाज कल्याण बोर्ड की चेयरमैन एवं नारी शक्ति वंदन पदयात्रा सोनीपत लोकसभा संयोजक सुमित्रा चौहान ने कहा कि यह पद यात्रा नारी शक्ति सशक्तिकरण को समर्पित होगी। इस पदयात्रा के माध्यम से नारी शक्ति सम्मान और उसके अधिकारों की रक्षा का संदेश दिया जाएगा। वे मंगलवार को गोहाना में भाजपा जिला कार्यालय पर पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रही थीं। चेयरमैन सुमित्रा चौहान ने कहा कि नारी शक्ति वंदन पदयात्रा 15 अप्रैल को प्रातः 8.30 बजे सेक्टर-7 के सामुदायिक भवन से शुरू होकर अंबेडकर चौक तक पहुंचेगी। सोनीपत लोकसभा क्षेत्र की महिलाएं विधेयक लाने की खुशी में पद यात्रा निकालेंगी। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली होंगे। सुमित्रा चौहान ने कहा कि इस विधेयक के पास होने के बाद महिलाएं राजनीतिक स्तर पर सशक्त होंगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक, नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी, रीना शर्मा, सोनिया मोर, जिला महामंत्री महेंद्र चिड़ाना एवं जितेन्द्र शर्मा व भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉ. राममेहर राठी आदि उपस्थित रहे।

### नारी सशक्तिकरण की दिशा में सशक्त पहल : बबीता

**खरखौदा।** विधानसभा संयोजक एवं भाजपा नेत्री बबीता दहिया ने महिला संवाद एवं जनसंपर्क कार्यक्रम में खरखौदा में महिलाओं से आत्मीय संवाद कर उनके विचार सुने और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। बताया कि 33% आरक्षण महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में सम्मानजनक भागीदारी प्रदान करते हुए उनके दैनिक जीवन में आत्मविश्वास, स्वावलंबन और सशक्त उपस्थिति को और दृढ़ करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह परिवर्तनकारी कदम नारी शक्ति को नई पहचान, सम्मान और अवसर प्रदान करेगा।

## यूपीएससी के अग्रणी एकांश ढुल ने विद्यार्थियों को दिए सफलता के मंत्र

- प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल खरखौदा में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें यूपीएससी 2025 के टॉपर आ एकांश ढुल ने विद्यार्थियों को सफलता के महत्वपूर्ण गुर सिखाए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचने पर विधायक पवन खरखौदा, विद्यालय संस्थापक सतप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया तथा एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध



एकांश ढुल को सम्मानित करते एकेडमिक डायरेक्टर व विद्यालय संस्थापक।

दहिया ने बुके भेंट कर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम संयोजक सोमबीर आर्य जग उत्थान खेल शिक्षा समिति, सावित्रि बाई फूले समिति खरखौदा, समाज कल्याण परिषद रोहट, जीवन रक्षक फाउंडेशन, खरखौदा बार एसोसिएशन के प्रधान आशुतोष सरोहा, समाज सेवी नवीन राणा, शक्ति ठेकेदार गोपालपुर, सुशील शास्त्री, प्रांत महामंत्री भारत तिब्बत सहयोग मंच, सुधीर स्वामी साई इंस्ट्रीट्यूट, दहिया खाप फाउंडेशन, खरखौदा सरपंच एसोसिएशन अध्यक्ष आशीष दहिया आदि ने भी एकांश ढुल का स्वागत किया। इस अवसर पर उसके पिता कृष्ण ढुल भी उपस्थित रहे। एकांश ढुल ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित करने और उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह का शुभारंभ आज

**सोनीपत।** ब्राह्मण उत्थान समिति की ओर से प्राचीन सत्यनारायण मंदिर साबुन दरवाजा में 15 अप्रैल बुधवार को 5 दिवसीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ किया जाएगा। कलश यात्रा की शुरुआत हलवाई हट्टा स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर में सुबह 9 बजे गणेश पूजन के पश्चात की जाएगी। 19 अप्रैल को वेदी पूजन, मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए भंडारा लगाया जाएगा। पंडित अमित शौनक ने बताया कि कलश यात्रा सुबह 9 बजे पंचायती ठाकुरद्वारा मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए सतनारायण मंदिर साबुन दरवाजा पहुंचेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली की धर्मपत्नी गीता कौशिक, पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन शिरकत करेंगी। सतनारायण मंदिर में शाम को 5 बजे कर्मकुटी एवं आरती होंगी।

## संत रामपाल को जमानत मिलने पर खुशी मनाई

**आहुलाना, मदीना और खन्दराई के अनुयायियों में खुशी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा सतलोक आश्रम के संचालक संत रामपाल को जमानत दिए पर जाने पर गांव आहुलाना, मदीना और खन्दराई में उसके अनुयायियों द्वारा खुशी मनाई गई। संत रामपाल को 11 साल बाद जमानत मिलना उसके अनुयायियों के लिए किसी जश्न से कम नहीं है। इस खुशी में मंगलवार को गांव आहुलाना, मदीना और खन्दराई में उसके अनुयायियों द्वारा मिठाई बांटी गई।

अनुयायियों ने कहा कि संत रामपाल ने न केवल किसानों के खेतों से बारिश का पानी निकलवाने का काम किया है अपितु अन्नपूर्णा



गोहाना। खुशी व्यक्त करते संत रामपाल के शुभचिंतक। *फोटो : हरिभूमि*

मुहिम के तहत जरूरतमंद लोगों को अनाज देना और मकान बनवाने के काम भी करवाए जा रहे हैं। बीमार लोगों की सेवा के लिए निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा भी उपलब्ध करवाई जा रही है। इस अवसर पर पंचायत समिति कथूरा चेयरपर्सन प्रतिनिधि प्रदीप मलिक, सरपंच कुलदीप मलिक, अमित कुमार और जयसिंह उपस्थित रहे।

### रेलवे रोड पर छबील लगाकर जनसेवा की

**गन्नौर।** डा. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर भाजपा आजीविका मिशन ग्रामीण के जिला सह संयोजक अंकित मल्होत्रा ने पार्षद अजय कुमार व अपनी टीम के साथ रेलवे रोड पर छबील लगाकर जनसेवा की। इस दौरान राहगीरों, मजदूरों, किसानों व आमजन को शीतल पेयजल वितरित किया गया, जिससे भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिली। बड़ी संख्या में लोगों ने छबील का लाभ उठाया। अंकित मल्होत्रा ने कहा कि डा. आंबेडकर का जीवन समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय का संदेश देता है। उनके विचारों को अपनाते हुए जनसेवा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।



गन्नौर। रेलवे रोड पर छबील लगाकर लोगों को मीठा पानी पिलाते अंकित मल्हौत्रा।

## अक्षय तृतीया 19 अप्रैल को : खास योग बनने से सफलता के खुल सकते हैं द्वार

- भगवान विष्णु व मां लक्ष्मी की आराधना करने से प्राप्त होंगे शुभ फल, जीवन में वैभव व सुख और समृद्धि का होगा वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

अक्षय तृतीया की तिथि को लेकर इस वर्ष उहा-पोह की स्थिति बनी है। प्रबुद्धजन 19 व 20 अप्रैल दोनों दिन अक्षय तृतीया बता रहे हैं। अक्षय तृतीया को आखा तीज के नाम से भी जाना जाता है। यह सनातन धर्म का अत्यंत पवित्र व शुभ पर्व है। इस दिन को अबूझ मुहूर्त भी माना जाता है। किसी भी मांगलिक कार्य जैसे विवाह, गृह प्रवेश, नया व्यवसाय,



आचार्य डॉ. मनमोहन मिश्रा।

संपत्ति क्रय के लिए अलग से मुहूर्त की जरूरत नहीं होती। सभी कार्य इस दिन बिना पंचांग देखे किए जा सकते हैं। भगवान विष्णु व मां लक्ष्मी की आराधना करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। जीवन में धन-धान्य, वैभव व सुख-समृद्धि का वास होता है। आचार्य डॉ. मनमोहन मिश्रा ने बताया कि अक्षय तृतीया तिथि 19 अप्रैल को सुबह 10:49 बजे से प्रारंभ होकर 20 अप्रैल को सुबह 7:27 बजे तक रहेगी। उदयातिथि के अनुसार 19 अप्रैल रविवार को अक्षय तृतीया पर्व मनाया जाएगा। तृतीया के दिन पूजन के लिए सुबह 10:49 बजे से दोपहर 12:20 बजे तक शुभ मुहूर्त रहेगा। शास्त्रों में वर्णित है कि अक्षय तृतीया के दिन किए गए दान, जप, तप व पुण्य कर्मों का फल अक्षय होता है। दान करने से पापों से मुक्ति मिलती है, जीवन में अस्थायी सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। साथ ही दान का महत्व भौतिक सुखों से कहीं अधिक रहता है। इस दिन दान करने से धन-संपदा में वृद्धि होती है। अक्षय तृतीया पर अन्न दान करना व किसी भूखे को भोजन कराना साक्षात नारायण की सेवा के समान है।

### अवार्ड सेरेमनी में 160 सितारों का अभिनंदन

**सोनीपत।** सफलता केवल मंजिल नहीं, बल्कि निरंतर चलते रहने का एक सफर है। इसी जज्बे को सलाम करने के लिए साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल व साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल, मुरथल में एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में शैक्षणिक सत्र के दौरान शानदार प्रदर्शन करने वाले दोनों स्कूलों के 80-80 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनकी पिछले विभिन्न उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने विद्यार्थियों के भीतर भविष्य की उड़ान भरने के लिए ऊर्जा भरते हुए कहा कि हार और जीत महज एक पड़ाव हैं, असली विजेता वही है जो अपनी कमियों को पहचान कर उन्हें अपनी ताकत बना ले।



सोनीपत। अवार्ड प्राप्त करने के बाद सीईओ के साथ प्रमाण पत्र दिखाते हुए।

## पत्रकारों से बातचीत में बोले-शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद

# विकसित बनाने के लिए भारत को भारत रहने दिया जाए

*भविष्य को सुरक्षित करने के लिए भारतीयता की रक्षा करना जरूरी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि सवाल है कि विकसित भारत किस रूप में, यह हालैंड, पोलेंड जर्मन, सिंगापुर, बीजिंग बन जाए। अगर इस रूप में विकसित होना है, तो इसमें भारत का कोई लेना-देना नहीं है। बीजिंग, संगाही बनेगा, तो चीन बन जाएगा, स्वीटजरलैंड बनेगा, तो फिर भारत



सोनीपत। पत्रकारों से बातचीत करते शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती।

कहा रहेगा। भारत को विकसित होने के लिए, भारत बने रहना जरूरी है। जब देश, भारत ही नहीं रहेगा, तो फिर कुछ हो जाए, हमारा क्या लेना-देना है। ऐसे में भारत को विकसित करने व इसके भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सर्वप्रथम भारतीयता की रक्षा करना जरूरी है।

### प्रोटोकोल के नियमों की पालना

अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती मंगलवार को सोनीपत में आईटीआई चौक स्थित आयोजित गोरक्षा पर आयोजित कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। शंकराचार्य ने कहा कि सरकार हमें यह बताए कि धर्मगुरु है तो हमने नियम कौन से तोड़े हैं। हर अमावस्या पर स्नान करने जाते हैं। जब छोटे थे, तो अलग ढंग से जाते थे, फिर ब्रह्मचारी, सन्यासी बनें, फिर शंकराचार्य के प्रतिनिधि बनें। इसके पश्चात शंकराचार्य के पद पर आए। क्रमशः परिवर्तन हुआ, जब-जब जिस स्थिति में रहे, उनके अनुसार जाते रहे। जब से शंकराचार्य के पद पर अभिषेक हुआ, तब से प्रोटोकोल के नियमों की पालना की जा रही है। पिछले माघ मेले में जिस तरह से हम गए, उसी तरह से पुलिस को पहले से सूचना जारी की गई थी, उन्होंने प्रोटोकोल जारी किया था। उन्हीं के नियमों का पालन किया गया। सब सीसीटीवी पर है। जान के खतरे के सवाल पर शंकराचार्य ने कहा कि यह बात लोगों ने उठाई है। अब वह हमारे द्वारा उठाए गए प्रश्नों का जवाब नहीं दे पा रहे हैं। अब जो संगठन, इस समय सत्ता में है, उनके बारे में इतिहास भी है कि जब वो किसी का जवाब नहीं दे पाते हैं, तो फिर वह सोचते हैं कि इस व्यक्ति को ही समाप्त कर दो। जाने कितनों को कर भी चुके हैं। अब वह इस स्तर पर आ रहे हैं। हमारी भी मजबूरी है कि हम गोमाता की रक्षा के लिए आगे बढ़े। मौत देखकर हम चिटक जाएं, तो हमारी अंर्तआत्मा हमें धिक्कारेगी।

## मोहाना सैलो बंद होने से बढ़ी चिंता गेहूं खरीद प्रारंभ करने की मांग

- कनक की गुणवत्ता हल्की बताकर सैलो द्वारा खरीद नहीं की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

मोहाना गांव में इस बार गेहूं की खरीद को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है। गांव में पिछले कई वर्षों से सैलो के माध्यम से किसानों की गेहूं की खरीद होती रही है, लेकिन इस बार प्रकृति की मार के कारण गेहूं की गुणवत्ता हल्की बताकर सैलो द्वारा खरीद नहीं की जा रही है। किसानों का कहना है कि मोहाना खरीद केंद्र पर पहले से खरीदा गया गेहूं भी बंद कर दिया गया है, जिससे परेशानी और बढ़ गई है। प्रगतिशील किसान युद्धविन्द्र सिंह ने बताया कि मोहाना गांव में 220 केवी का पावर



सैलो के बाहर पहुंचें ट्रक।

हाउस स्थित है, जहां से 8 से 10 अन्य छोटे पावर हाउसों को बिजली आपूर्ति की जाती है। ऐसे में बड़ी संख्या में ट्रकों की लाइन सैलो के बाहर लगने से आगजनी या किसी अन्य हादसे की आशंका भी बनी हुई है। वर्तमान में सैकड़ों ट्रक गेहूं की बोरियां लेकर सैलो के बाहर खड़े हैं।



# जिलेभर में धूमधाम से मनाई संविधान निर्माता की जयंती

# बाबा साहेब ने स्वतंत्रता व समानता की राह पर चलने की दी प्रेरणा : जैन

1 डॉ. आंबेडकर की जन्म जयंती के मौके पर कार्यक्रमों में पहुंचें निवर्तमान मेयर

2 गांव सांदल कलां में लगाए गए रक्तदान शिविर का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर युगदृष्टा, सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, दलित, शोषित वंचित पिछड़ों की आवाज थे और उन्होंने समय समय पर आंदोलनों के माध्यम से किसान, मजदूर महिलाओं एवं युवाओं के कल्याण का कार्य किया। उक्त विचार निवर्तमान मेयर राजीव जैन ने गांव सांदल कलां, श्याम नगर, बाबा साहेब आंबेडकर चौक, आंबेडकर छात्रावास, राजेंद्र नगर, कालूपुर में उनकी जन्म जयंती के अवसर पर प्रतिमा पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्वलित करने के बाद कार्यक्रमों में व्यक्त किये। उन्होंने गांव सांदल कलां में लगाए गए रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया और मेधावी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पाठ्य सामग्री वितरित की। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने गरीबों को स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व की राह पर चलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर रतन सिंह भाटिया, बलबीर सिंह, राजकुमार, दीपचंद, राजवीर, सत्यवान, राजकुमार शर्मा, सतबीर बाल्मीकि, नीतू बाल्मीकि, चरण सिंह, किरण बाला, राजेश कटारिया, वज़ीर चंद, नफे सिंह, गांधी राम, रामेश्वर, कप्तान, जोगिंदर, मनोज, वीरेंद्र समेत अन्य मौजूद रहे।

**मेधावी छात्रों को बांटी स्टेशनरी**

## छात्राओं को दी कानूनी जानकारी




**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय में राजनीतिक विभाग व लीगल सेल की ओर से डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएलएसए सोनीपत के लीगल एड काउंसलर अरुण कुमार शर्मा ने छात्राओं को लीगल एड और नालसा लीगल सर्विस अथॉरिटी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को बताया कि किस प्रकार वे कानूनी सहायता प्राप्त कर सकती हैं और वर्तमान समय में बढ़ते अपराधों के बीच स्वयं को सुरक्षित रखने के उपाय अपनाए जा सकते हैं। उन्होंने नालसा हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस नंबर के माध्यम से सीधे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क किया जा सकता है। कार्यक्रम में डॉ. भीमराव आंबेडकर के संविधान निर्माण में योगदान को भी याद किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य गीता ने छात्राओं को उनका मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. उपासना, सीमा और डॉ. पूनम भी उपस्थित रहीं।



### सांदल कला में हुआ कार्यक्रम

**गन्नौर।** गांव सांदल कला व कामी में डा. भीमराव आंबेडकर जयंती श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई। सांदल कलां नवादा में ग्रामीण विकास समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आजाद सिंह नेहरा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर संत रविदास व डा. भीमराव आंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। नेहरा ने युवाओं को बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

## बाबा साहेब का दिया संविधान देश की आत्मा : हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर हरियाणा कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग द्वारा मुरथल रोड स्थित गीतांजलि गार्डन में जनसभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे रोहतक के सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनता ने स्वागत किया। जनसभा की अध्यक्षता और सफल आयोजन में जिला अध्यक्ष (शहरी) कमल दीवान की मुख्य भूमिका रही। हरियाणा कांग्रेस एससी अध्यक्ष मनोज बागड़ी की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंच से जनता को संबोधित करते हुए सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष और उनके द्वारा दिया गया संविधान भारत की आत्मा है।




### सोनीपत का शहरी क्षेत्र विकास की बाट जोह रहा : दीवान

दीपेंद्र हुड्डा ने वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज संविधान को कमजोर करने की कोशिशें की जा रही हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी और देश की जनता ऐसा कभी होने नहीं देगी। जिला अध्यक्ष (शहरी) कमल दीवान ने जनसभा को संबोधित करते हुए इसे परिवर्तन की लहर बताया। कमल दिवान ने कहा कि सोनीपत का शहरी क्षेत्र आज विकास की बाट जोह रहा है। उन्होंने सांसद दीपेंद्र हुड्डा को आश्वस्त किया कि सोनीपत का एक-एक कार्यकर्ता बाबा साहेब के संदेश को घर-घर पहुंचाने और कांग्रेस को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### राज्यसभा सांसद ने भी रखे विचार

*जनसभा में विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद कर्मवीर बौद्ध, और केराजू (एआईसीसी प्रभारी झारखंड) ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) संजीव दहिया, पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक, पूर्व विधायक जगबीर मलिक, सुखबीर वाल्मीकि, पदम सिंह दहिया और सुरेंद्र पवार आदि मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जयवीर अंतिल, जय भगवान अंतिल, प्रशांत शर्मा, मुकेश पन्नालाल, राजेश सेवली, अंकित मेहता, सुषमा खरखौदा, पायल मलिक, सुरेंद्र शर्मा, संजय खरखौदा, अशोक शर्मा और अशोक सरोहा सहित अनेक पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।*



### भारत रत्न आंबेडकर की जयंती पर समारोह जरूरतमंद बच्चों को पुस्तकों का वितरण

*गन्नौर। गांव राजलू गढ़ी में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती मनाई गई। ब्लाक समिति सदस्य अनिल ने अतिथि शिरकत की। दोनों गांवों के सरपंच विजेंद्र राठी व सावन, समाज सुधार संकल्प समिति के अध्यक्ष अजीत राठी, आदि ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। समिति की ओर से गांव में कराए गए विकास कार्यों का भी विवरण प्रस्तुत किया गया। जरूरतमंद बच्चों को पुस्तकें वितरित की गईं और कुछ बच्चों को स्कूल ड्रेस भी प्रदान की गई। ब्लॉक समिति अध्यक्ष अनिल और सरपंचों ने आश्वासन दिया कि वे समिति के साथ मिलकर गांव के विकास कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। समिति द्वारा हर रविवार को स्वच्छता अभियान चलाने और गरीब कन्याओं के विवाह में सहयोग करने की पहल से अवगत करवाया। इस मौके पर त्रिलोक चंद शर्मा, युद्धवीर, धर्म सिंह फौजी, महासचिव अमित अत्री, रामसिंह, केशू, राजेश, सतबीर चोपड़ा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।*



### बाबा साहेब के विचार आज भी समाज को आगे बढ़ने की देते है प्रेरणा : त्यागी

*राई। गांव बढ़मलिक में मंगलवार को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया। निगम पार्षद एवं भाजपा नेता पुनत त्यागी व गांव बढ़मलिक के सरपंच फूल कुमार व अन्य ने बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें पुष्प अर्पित किए और उनके आदर्शों को नमन किया। पुनीत त्यागी ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर ने समाज को समानता, न्याय और शिक्षा का मार्ग दिखाया। उनके विचार आज भी समाज को आगे बढने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर सुनीता लहोचब, गांव बढ़मलिक के सरपंच फूल कुमार, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष समशेर, जिला उपाध्यक्ष विनोद चोपड़ा, जिला महामंत्री शशी, चरित्र मास्टर, राकेश, राकेश कौशिक, प्रदीप आंतिल सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर समाज में भाईचारे और समानता का संदेश दिया तथा बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।*



### डॉ. आंबेडकर ने समानता, शिक्षा, अधिकारों के प्रति जागरूक किया : देवेंद्र कादियान

*गन्नौर। नगरपालिका रोड स्थित संत गुरु रविदास सेवा समिति द्वारा मंगलवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शहर के मुख्य मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक देवेंद्र कादियान के पिता सतबीर सिंह कादियान पहुंचे। उन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और कहा कि बाबा साहेब का जीवन समाज को समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक करता है। इस अवसर पर बीपीएल परिवारों से जुड़े समाज के 500 मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। वहीं सांदल कलां में डॉ. भीमराव आंबेडकर रूरल डेवलपमेंट सोसायटी द्वारा भी आंबेडकर जयंती पर रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सतबीर सिंह कादियान ने शिविर का शुभारंभ किया और 41 यूनिट रक्त एकत्रित होने पर आयोजकों की सराहना की। इस दौरान 33 मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।*



### कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए जीवनभर संघर्ष किया : आंतिल

*राई। बहालगढ़ स्थित भाजपा नेता मास्टर सतनारायण आंतिल के कार्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती मनाई। बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मास्टर सतनारायण आंतिल ने डॉ. आंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष और भारतीय संविधान के निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने समाज के कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए जीवनभर संघर्ष किया और समानता, शिक्षा व सामाजिक न्याय का मार्ग प्रशस्त किया। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। लोगों को प्रसाद भी वितरित किया गया और सभी ने बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर हरिया बसौदी, सतबीर प्रधान दीपालपुर, संजय चौहान, सुखबीर आंतिल, जगमेंद्र सैनी, राजेंद्र मुकीमपुर, ताराचंद चौहान, जगमेंद्र आंतिल, सूबे कुमासपुर, सतबीर कुमासपुर, राजेश मुकीमपुर, राज सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।*

### इनेलो कार्यकर्ताओं ने डॉ. आंबेडकर को किया नमन

**सोनीपत।** भारत रत्न डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर इनेलो कार्यकर्ताओं ने सोनीपत के आंबेडकर चौक पर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने डा. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके विचारों को याद किया। इनेलो जिलाध्यक्ष कुणाल गहलावत ने कहा कि डा. भीमराव आंबेडकर महान समाज सुधारक थे और वे जाति-पाति के भेदभाव के सख्त खिलाफ थे। इस भेदभाव को समाप्त करने के लिए उन्होंने निरंतर प्रयास किए। उन्होंने कहा कि डा. आंबेडकर ने भारत का ऐसा संविधान बनाया, जिससे हर वर्ग का भला हुआ और समाज सुधार के लिए उन्होंने अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने कहा कि डा. आंबेडकर को सच्ची



## विद्यार्थियों को बांटी पाठ्य सामग्री

सोनीपत। सोनीपत संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें नमन किया गया। मुख्य अतिथि शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान एवं कांग्रेस नेताओं ने गांव राठधना पहुंचकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए जरूरतमंद बच्चों को पेन, पेंसिल और कॉपियां वितरित की गईं। इसके पश्चात राजेंद्र नगर स्थित वार्ड नंबर 16 में आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यहां उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' का जो नारा दिया था, वह आज भी प्रासंगिक है। जिला अध्यक्ष कमल दिवान व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा और अधिकार पहुंचाना ही डॉ. आंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर भारी संख्या में स्थानीय निवासी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### विद्यार्थियों ने बाबा साहेब को अर्पित की पुष्पांजलि

**सोनीपत।** संविधान अधिकार और कर्तव्यों के प्रति छात्रों को जागरूक करने के लिए ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी सोनीपत में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक नीरज शर्मा ने बाबासाहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस विशेष मौके पर उनके साथ विद्यालय निर्देशिका रीमा शर्मा एवं विद्यालय प्रधानाचार्या चंचल शर्मा वह मीनू शर्मा उपस्थित रहे। छात्रों में भी नाटक, भाषा कविता तथा पोस्टर आदि बनाकर बाबासाहेब द्वारा किए गए कार्यों से सभी को अवगत कराया। नीरज शर्मा ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर संविधान के जनक कहे जाते हैं और उन्होंने ही हमें एक नई राह पर चलना सिखाया है। संविधान हमें हमारे अधिकारों दिलाता है साथ ही हमारी कर्तव्यों के प्रति भी सजग करता है। अतः बाबासाहेब के प्रति हमें कृतज्ञ रहना चाहिए।

## आंबेडकर जयंती पर श्रद्धांजलि के साथ यूनियन चुनाव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के बैनर तले हुडा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन एवं हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच जिला कमेटी सोनीपत के कर्मचारियों ने एचएसवीपी परिसर सेक्टर-15 में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती मनाई। कर्मचारियों ने बाबा साहब को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर ने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके सामाजिक योगदान और संविधान निर्माण में भूमिका को याद किया।



**सोनीपत।** बाबा साहेब को नमन करते हुए यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन जिला कमेटी सोनीपत के द्विवार्षिक चुनाव महावीर नागर, सुरेश रोहिल्ला, विजेंद्र शर्मा व आर.के. नागर की देखरेख में संपन्न हुए। चुनाव में टीनू मदान को जिला प्रधान, सुरेंद्र सीवर मैन को वरिष्ठ उप प्रधान, शमशेर सैक्टर-12 व धीरज आरजीईसी को उप प्रधान, ध्रुव कुमार को जिला सचिव, सतीश कुमार शर्मा को कोषाध्यक्ष, अरुण कुमार को ऑडिटर, समेश कुमार को संगठन सचिव, जोगिंद्र सिंह को प्रचारक, सुरेश रोहिल्ला, सुनील गोहाना व नरेश शर्मा डीटीपी को सलाहकार, समे सिंह को प्रेस सचिव तथा सुरेंद्र सिंह रंगा को चेयरमैन चुना गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### डॉ. आंबेडकर एवं ज्योतिबा फुले जयंती के उपलक्ष्य में समारोह

## बाबा साहेब महान समाज सुधारक थे : अमर नाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ककरोई रोड स्थित दी आंबेडकर एजुकेशनल सोसायटी द्वारा आज भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती एवं महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के उपलक्ष्य में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे सेवानिवृत्त आईएएस अमर नाथ ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनआर फूले (डीईटीसी) द्वारा की गई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. हेमलता (प्रोफेसर, रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय), डॉ. गरिमा (सहायक नगर योजनाकार) और महेश कुमार (सहायक अधीक्षक डाक) उपस्थित रहे। समारोह में मुख्य अतिथि ने कहा कि बाबा साहेब केवल एक संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि एक महान समाज सुधारक और अर्थशास्त्री भी थे, जिनके विचार आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. हेमलता (प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय) ने बाबा साहेब के साहित्यिक और सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला। वहीं, डॉ. गरिमा और महेश कुमार ने भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की और युवाओं को बाबा साहेब के पदचिन्हों पर चलते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को सम्मानित करते हुए।

### मेधावी छात्रों का किया सम्मान

समारोह का मुख्य आकर्षण मेधावी छात्र-छात्राओं और प्रतिभाओं का सम्मान रहा। सोसायटी द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को उनकी रचनात्मकता के लिए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रधान राजेश कटारिया, उप प्रधान सुरेन्द्र कुमार, सचिव रविन्द्र भाटिया, सह सचिव रविन्द्र भोला, कैशियर महेंद्र पाल सिंह तथा कार्यकारिणी सदस्य निरंजन सिंह, कुलदीप राज बड़गुजर, सतीश भौरिया, विजय राठी, जसवंत, दीपक भौरिया, पूर्व प्रधान सत्यवान भाटिया, बलराज मेहरा, सतीश, डॉ० सन्त प्रकाश कटारिया, डॉ. राजबीर तूर, डॉ. सुरेंदर, दया राम बड़गुजर आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
आवश्यकता है



भारत के तेजी से बढ़ते हिन्दी समाचार-पत्र हरिभूमि को सोनीपत शहर में डोर-टू-डोर मार्केटिंग के लिए उत्साही, योग्य व आकर्षक व्यक्तित्व वाले युवक-युवतियों की आवश्यकता है, जो मीडिया के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते हैं

| | | |
|---|---|---|
| आयु | : | 18 से 30 वर्ष तक |
| योग्यता | : | 10+2 या इससे अधिक |
| वेतन | : | योग्यतानुसार (वेतन बुकिंग अनुसार) |
| मिलने का समय | : | प्रात: 11.00 से सायं 5.00 बजे तक (कार्यदिवस को) |

अपना बायोडाटा मोबाइल नं. 9253681005 पर व्हट्सअप करें या hbcircurtk@gmail.com मेल करें।
सम्पर्क करें :- हरिभूमि कार्यालय
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

